बजाओ राधा नाम की ताली

सब के संकट दूर करेगी, यह बरसाने वाली,
बजाओ राधा नाम की ताली ।

श्रृष्टि का आधार हैं राधा, करुना मयी सरकार हैं राधा,
राधा नाम है जिस रसना पर, उस ने भक्ति पा ली ।
बजाओ राधा नाम की ताली ॥

प्रेम सुधा बरसाने वाली, करुना रस छलकाने वाली,
तन मन शीतल कर जीवन में, भर देगी खुशहाली ।
बजाओ राधा नाम की ताली ॥

कृपा दृष्टि जिस पर कर देती, जीवन में खुशिया भर देती,
वन उपवन फूल खिले और महके डाली डाली ।
बजाओ राधा नाम की ताली ॥

ओर कोई फिर चाह करे क्यूँ, दुनिया की परवाह करे क्यूँ,
सांवरिया की स्वामिनी जब है 'दास' तेरी रखवाली ।
बजाओ राधा नाम की ताली ॥

कवि : अशोक शर्मा दास
स्वर : कृष्ण दास भूटानी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/257/title/bajaao-raadha-naam-ki-taali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |